The Speaker made references to the passing away of Shri Subhash Ahuja, Member of the Sixth Lok Sabha; Prof. Salaluddin, Member of the Eighth Lok Sabha and; Shri Bal Krishna Chauhan, Member of the Thirteenth Lok Sabha

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मुझे अत्यंत दुःख के साथ हमारे तीन पूर्व साथियों के निधन के बारे में सूचित करना है ।

श्री सुभाष आहूजा, मध्य प्रदेश के बैतूल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठीं लोक सभा के सदस्य थे । वे आवास समिति के भी सदस्य रहे ।

श्री सुभाष आहुजा का निधन 75 वर्ष की आयु में 18 अगस्त, 2025 को बैतूल में हुआ ।

प्रो**.** सलाउद्दीन**,** अविभाजित बिहार और वर्तमान में झारखंड के गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 8 वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

प्रो. सलाउद्दीन का निधन 79 वर्ष की आयु में 10 अक्टूबर, 2025 को मधुपुर झारखंड में हुआ ।

श्री बालकृष्ण चौहान, उत्तर प्रदेश के घोसी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 13 वीं लोक सभा के सदस्य थे । वे शहरी और ग्रामीण विकास संबंधी संसदीय समिति के सदस्य भी रहे ।

श्री बालकृष्ण चौहान का निधन 78 वर्ष की आयु में 16 नबंवर, 2025 को नई दिल्ली में हुआ ।

यह सभा अपने पूर्व सहयोगियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है ।

अब, सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में मौन रहेगी ।

<u>11.02 hrs</u>

The Members then stood in silence for a short while.

माननीय अध्यक्ष **:** ऊँ शांति: शांति: शांति: ।